# मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्

## कार्यकारी समिति की 49 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 49 वीं बैठक माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में दिनांक 20–07–2009 को विधान सभा के कक्ष क्रमांक 152 में सम्पन्न हुई।

बैठक में कार्यकारी समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. श्री कैलाश विजयवर्गीय जी, मंत्री, म. प्र. शासन, लोक निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी तथा वि. एवं प्रौ. विभाग – अध्यक्ष कार्यकारी समिति
2. प्रो. डी. पी. सिंह, कुलपति, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस (वाराणसी), उत्तर प्रदेश – सदस्य
3. प्रो. आर. आर. दास, पूर्व कुलपति जे/5, गांधी नगर, लश्कर, ग्वालियर – सदस्य
4. प्रो. ए. डी. एन. वाजपेयी, पूर्व कुलपति ए–2, आचार्य निवास, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर, जबलपुर, मध्यप्रदेश – सदस्य
5. श्री टी. जी. के. मेनन 46 संवाद नगर, इन्दौर, मध्यप्रदेश – सदस्य
6. श्री शिवकुमार शर्मा, महामंत्री, भारतीय किसान संघ, ई–114/23, शिवाजी नगर, भोपाल – सदस्य
7. श्री अजय नारंग, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारतीय, ई–2/142, अरेरा कालोनी, भोपाल – सदस्य
8. श्री असित गोपाल, प्रतिनिधि, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल – सदस्य
9. प्रो. पी. के. वर्मा, महानिदेशक, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल – सदस्य
10. डॉ. एस. सिंह, संयुक्त संचालक (प्रशा.) मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल – संयोजक

डॉ. आर.के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौ.परि.,भोपाल

बैठक में कार्यसूचीवार एजेन्डा प्रस्तुत किया गया तथा विचार विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

1. कार्यसूची क्रमांक–01

विषयः दिनांक 30–09–2008 को सम्पन्न कार्यकारी समिति की 48 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि बाबत्

विचार विमर्श उपरान्त पुष्टि की गई।

2. कार्यसूची क्रमांक–02

विषयः दिनांक 30–09–2008 को सम्पन्न बैठक में कार्यकारी समिति द्वारा पारित संकल्पों का पालन प्रतिवेदन

विषयांकित बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन में परिषद् द्वारा की गई कार्यवाही से कार्यकारी समिति अवगत हुई, निर्णयों के पालन में की गई कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

3. कार्यसूची क्रमांक–03

विषयः परिषद् की प्रमुख गतिविधियॉ एवं उपलब्धियॉ

परिषद् द्वारा संपादित प्रमुख गतिविधिों एवं उपलब्धियों से कार्यकारी समिति अवगत हुई। अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि परिषद् की आगामी बैठक में परिषद् की गतिविधियों/उपलब्धियों के संबंध में प्रेजेन्टेशन कार्यकारी समिति के समक्ष किया जाय।

4. कार्यसूची क्रमांक–04

विषयः परिषद् की कार्य योजना वर्ष 2009–10 के संबंध में

परिषद् की कार्य योजना वर्ष 2009–10 से कार्यकारी समिति अवगत हुई तथा अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष कार्यकारी समिति द्वारा परिषद् की कार्य योजना के संबंध में सुझाव देने हेतु आगामी बैठक में कहा गया।

5. कार्यसूची क्रमांक–05

विषयः वित्तीय वर्ष 2008–09 की प्राप्तियों एवं व्ययों का विवरण

वित्तीय वर्ष 2008–09 की परिषद् की प्राप्तियों एवं व्ययों से कार्यकारी समिति अवगत हुई तथा विचार विमर्श उपरांत अनुमोदन किया गया।

डॉ.आर.के.सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल

6. कार्यसूची क्रमांक–06

विषयः परिषद् के वर्ष 2005–06 एवं 2006–07 के वार्षिक लेखों का अनुमोदन

कार्यकारी समिति द्वारा अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

7. कार्यसूची क्रमांक–07

विषयः मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् में निर्माण कार्य सम्पन्न कराने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

कार्यकारी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव के संबंध में विचार विमर्श उपरांत निर्माण मद से दो करोड़ रूपये तथा परिषद् के आई आर जी मद से रू. 56.28 लाख व्यय करने की स्वीकृति दी गई। साथ ही निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के लिए निर्माण एजेन्सी सीपीए को नियमानुसार पेनाल्टी के संबंध में नोटिस दिये जाने हेतु समिति द्वारा निर्देश दिये गये।

8. कार्यसूची क्रमांक–08

विषयः समयमान वेतनमान योजना परिषद् में दिनांक 30–06–2008 से लागू करने बाबत्

समिति द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

9. कार्यसूची क्रमांक–09

विषयः भवन आवंटन नियमावली के अनुमोदन बाबत्

विचार विमर्श उपरांत कार्यकारी समिति द्वारा भवन आवंटन नियमावली का अनुमोदन किया गया।

10. कार्यसूची क्रमांक–10

विषयः मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के सेवा नियमों में परिमार्जन/संशोधन करने संबधित गठित समिति का प्रतिवेदन

कार्यकारी समिति द्वारा विचार विमर्श किया गया तथा परिषद् की कार्य प्रकृति एवं अमले की बेहतरी को दृष्टिगत रखते हुए परिषद् के सेवा नियमों में परिमार्जन/संशोधन करने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गया:–

1. प्रो. आर. आर. दास, पूर्व कुलपति एवं सदस्य, कार्यकारी समिति जे/5, गांधी नगर, लश्कर, ग्वालियर — अध्यक्ष

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल

2. डॉ. ए. के. गुप्ता, डायरेक्टर एम्प्री (पूर्व आर. आर. एल.) सी. एस. आई. आर., होशंगाबाद रोड, भोपाल – सदस्य
3. श्री टी. जी. के. मेनन, सदस्य, कार्यकारी समिति, 46 संवाद नगर, इन्दौर, मध्यप्रदेश – सदस्य
4. प्रो. पी. एन. मिश्रा, डॉयरेक्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर – सदस्य
5. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन, के प्रतिनिधि (उप सचिव संवर्ग से निम्न स्तर का न हो) – सदस्य
6. उप संचालक (प्रशासन) – संयोजक

उक्त समिति का प्रतिवेदन कार्यकारी समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

11. कार्यसूची क्रमांक–11

विषयः सेवा नियमों में प्रशासनिक संशोधन बाबत्

प्रस्ताव को स्थगित रखते हुए कार्यकारी समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

12. कार्यसूची क्रमांक–12

विषयः परिषद् में विभागों/प्रभागों की पुनर्सरचना करने बाबत्

कार्यकारी समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

13. कार्यसूची क्रमांक–13

विषयः परिषद् के क्षेत्रीय/विस्तार कार्यालयों की स्थापना बाबत्

परिषद् के क्षेत्रीय/विस्तार कार्यालयों को सुदृढ़ एवं जवाबदेह बनाने हेतु उनकी स्पष्ट कार्य योजना तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

14. कार्यसूची क्रमांक–14

विषयः परियोजना सलाहकारों की संविदा नियुक्ति बाबत्

प्रस्ताव पर विचार विमर्श उपरांत समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रदेश के विकास की दृष्टि से ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की

S-Swin    Pramod K. L

डॉ. आर.के. सिंह
कार्यकारी ... भोपाल

राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परियोजना परिषद् द्वारा लाई जाये व परिषद् स्तर पर भी परियोजनाएं तैयार की जाये जिसके परिणाम स्वरूप परिषद् की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ हो सके। इस हेतु जैव प्रौद्योगिकी एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दीर्घ अनुभवी, एवं डी पी आर निर्माण में दक्ष व्यक्तियों/एजेन्सीज् के लिए स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने के साथ ही परिषद् की वेबसाइट में भी अपलोड किया जाये। योग्यता, दक्षता, अनुभव के आधार पर अध्यक्ष कार्यकारी समिति से अनुमोदन अनुसार मानदेय निर्धारित किया जाये।

15. कार्यसूची क्रमांक—15

विषयः परिषद् में उन्नत एम. टेक. पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन

---

कार्यकारी समिति द्वारा विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

16. कार्यसूची क्रमांक—16

विषयः अनुभाग अधिकारी के पद के वेतनमान की विसंगति दूर कर शासन द्वारा स्वीकृत वेतनमान प्रदाय करने बाबत्

मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मार्गदर्शन अनुसार आगामी कार्यवाही करने हेतु निर्णय लिया गया।

17. कार्यसूची क्रमांक—17

विषयः सहायक पद के वेतनमान की वेतन विसंगति दूर कर शासन के समान वेतनमान स्वीकृत करने बाबत्

मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मार्गदर्शन अनुसार आगामी कार्यवाही करने हेतु निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में महानिदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

S. Singh
(डॉ. एस. सिंह)
संयुक्त संचालक (प्रशा.) एवं
संयोजक कार्यकारी समिति

Pramod K. V.
(प्रो. पी. के. वर्मा)
महानिदेशक
सदस्य कार्यकारी समिति

(श्री कैलाश विजयवर्गीय)
मंत्री, म. प्र. शासन,
वि. एवं प्रौ. विभाग
अध्यक्ष कार्यकारी समिति

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि., भोपाल